प्रेस नोट

स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर

Date- 11.07.2024

एसकेआरएयू: "एक पेड़ मां के नाम" अभियान अंतर्गत कृषि विश्वविद्यालय में 333 पौधे लगाए

बीकानेर, 11 जुलाई। "एक पेड़ मां के नाम" अभियान अंतर्गत गुरुवार को स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय परिसर में 333 पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण विभिन्न छात्रावास परिसर में किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीएफओ एस.शरत बाबू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ अरुण कुमार ने की। डीएफओ एस.शरत बाबू और कुलपति डॉ अरुण कुमार ने कृषि महाविद्यालय के यूजी गर्ल्स हॉस्टल में पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। उसके बाद वित्त नियंत्रक श्री राजेंद्र कुमार खत्री समेत सभी डीन, डायरेक्टर्स और हॉस्टल स्टूडेंट्स व स्टाफ ने पौधरोपण किया।

इस अवसर पर डीएफओ श्री एस.शरत बाबू ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के खतरों से बचने और पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़ी संख्या में पौधरोपण कर धरती को हरीतिमा से आच्छादित करने की जरुरत है। साथ ही कहा कि जो भी पौधे लगाए, उनका संरक्षण भी करे। साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी पौधरोपण के लिए प्रोत्साहित करें।

कुलपति डॉ अरुण कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर शुरु किया गया यह अभियान अनूठा है। उन्होने विश्वविद्यालय स्टाफ और सभी स्टूडेंट्स से अभियान के तहत अधिकाधिक पौधे लगाने के साथ ही उनके संरक्षण किए जाने का आह्वान किया। कुलपति ने कहा कि वृक्ष, प्रकृति का हम सबको प्रदत्त सबसे अनुपम उपहार है। पेड़-पौधे धरती का श्रृंगार है। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत हम पौधे लगाकर अपनी मां के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते ही हैं। धरती मां के लिए भी यह हमारी प्रतिबद्धता का सूचक है।

कार्यक्रम समन्वयक व भू सदृश्यता एवं राजस्व सृजन निदेशक डॉ दाताराम ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत नीम, लसोड़ा, पीली कनेर, अशोक, सहजन, शीशम, अंजीर व जामुन समेत विभिन्न प्रजातियों के कुल 333 पौधे लगाए गए। डॉ दाताराम ने बताया कि कृषि महाविद्यालय के यूजी हॉस्टल परिसर में 30, पीजी गर्ल्स हॉस्टल में 18, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय गर्ल्स हॉस्टल में 12, बॉयज हॉस्टल में 22, पीएचडी हॉस्टल में 15,आईएबीएम बॉयज हॉस्टल में 50, यूजी-2 बॉयज हॉस्टल परिसर में 40, रेजिडेंशियल हॉस्टल में 25, पीजी बॉयज हॉस्टल में 20, एच.जी.सिंह हॉस्टल में 26, कैंटीन के पीछे एनसीसी की ओर से 25 , कैंटीन के सामने एनएसएस की ओर से 50 पौधे लगाए गए।